दिन—मंलगवार दिनांक— 26 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने के काम में तेजी आ गई है। इस चरण में राज्य की गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक नामांकन भरे जा सकते हैं। कल कुल नौ उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। इनमें औरंगाबाद से भाजपा उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह और नवादा निर्वाचन क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के श्रवण कुमार कुशवाहा शामिल हैं। अब तक कुल दस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। इनमें छह उम्मीदवार औरंगाबाद से, तीन गया से और एक नवादा निर्वाचन क्षेत्र से हैं। जमुई सीट से अब तक किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया है। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————

विपक्षी महागठबंधन में सीटों के बंटवारे के समझौते को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिये जाने से इसके घटक दलों के नेता असहज महसूस कर रहे हैं। राज्य में लोकसभा के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया में अड़तालीस घंटे से भी कम समय बचा है। लेकिन राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और वाम दलों के नेता और कार्यकर्ता मिलकर चुनाव प्रचार करने के संबंध में अनिर्णय की स्थिति में हैं। इधर, राजद ने अपने कई पार्टी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आंवटित कर दिये हैं। आधिकारिक घोषणा से पहले चुनाव चिह्न बांटे जाने पर कांग्रेस ने राजद के फैसले पर आपत्ति जताई है।

———————————————————————

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस लोक सभा चुनाव में अधिक सीटे मांग रही है। उन्होंने कहा कि सबसे मजबूत आधार महागठबंधन में राजद का है, उसी के आधार पर चुनाव जीतना है। श्री तिवारी ने कहा कि सीपीआई माले को भी अपने प्रत्याशियों को पेश करना चाहिए।

————————————————————————————

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस ऐप के जरिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो, वीडियो आदि लेकर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। इधर, आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को भी बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं।

————————————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में रंगो का त्योहार होली आज उल्लास और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली का त्योहार समानता और भाई–चारे का संदेश देता है। राज्य के कई हिस्सों में होली कल भी मनायी गयी। लोगों में होली को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पूरा प्रदेश होली के राग और फाग के खुमार में डूब गया है। सुबह से ही लोग एक–दूसरे को रंग, गुलाल और अबीर लगाकर होली का उत्सव मना रहे हैं। जिला मुख्यालयों से लेकर गांवों के चौपाल तक होली के रंगों की छटा बिखर रही है। होली के मौके पर विशेष रूप से गाया जाने वाला फाग गीत वातावरण में विशेष उत्साह भर रहा है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि पूरा माहौल होलीमय हो गया है। सुबह में लोग रंग और मिट्टी से होली खेलकर दोपहर बाद से अबीर–गुलाल के साथ होली खेल रहे हैं और एक–दूसरे को होली की बधाई दे रहे हैं।

————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि होली खुशियों का त्यौहार है, जो जीवन में उत्साह और उम्मीद लाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि होली, सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगी। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि होली असत्य पर सत्य और दुराचार पर सदाचार की विजय का पर्व है। यह त्योहार समाज में

एकता, प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और शांति का संदेश देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि असत्य, अहंकार और पाखंड पर सत्य के विजय पर्व के रूप में होली का त्योहार मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस पार्टी केप्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

समाप्त हुआ।